RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

CLASS 10th SST


भूगोल

जल संसाधन

RAPID REVISION



जल संसाधन



वस्तुनिष्ठ प्रश्न-

Q.1 पृथ्वी का कितना धरातल जल से ढका हुआ है?

A आधा भाग

B तीन-चौथाई भाग


C एक-चौथाई भाग

D पूरा भाग

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Q.2 ईसा से एक शताब्दी पहले इलाहाबाद के नजदीक किस स्थान पर गंगा नदी की बाढ़ के जल को संरक्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट जल संग्रहण तंत्र बनाया गया था?

A श्रृंगवेरपुर

B कोल्हापुर

C बेन्नूर

D नागार्जुनकोंडा

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

परियोजना

1. गुजरात ✓
2. महाराष्ट्र
3. म० प्र०
4. राजस्थान (10%)

Q.3 सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बनाया गया है?



A. गंगा नदी
B. नर्मदा नदी
C. कावेरी नदी
D. ब्रह्मपुत्र नदी

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 कर्नाटक के मैसूरु जिले में स्थित किस सुदूर गाँव के लगभग 200 घरों ने छत वर्षाजल संग्रहण की व्यवस्था करके 'जल संपन्न गाँव' की ख्याति अर्जित की है?



A फलोदी

B गंडाथूर

C काज़ा

D शृंगवेरपुर

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के पक्ष में दिया गया तर्क नहीं है?

A. बहुउद्देशीय परियोजनाएँ उन क्षेत्रों में जल लाती हैं जहाँ जल की कमी होती है।

B. बहुउद्देशीय परियोजनाएँ जल बहाव को नियंत्रित करके बाढ़ पर काबू पाती हैं।

C. बहुउद्देशीय परियोजनाओं से बृहत् स्तर पर विस्थापन होता है और आजीविका खत्म होती है।

D. बहुउद्देशीय परियोजनाएँ हमारे उद्योग और घरों के लिए विद्युत पैदा करती हैं।

जल संसाधन

रिक्तस्थान– (ताजा पानी)

Q.1 अलवणीय जल हमें सतही..... और भौमजल स्रोत से प्राप्त होता है, जिनका लगातार नवीकरण और पुनर्भरण जल चक्र..... द्वारा होता रहता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.2 जवाहरलाल नेहरु गर्व से बाँधों को ..... कहा करते थे।




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.3 राजस्थान के जैसलमेर में ..खड़ीन.. और अन्य क्षेत्रों में ..जोहड़.. कृषि क्षेत्र में वर्षा जल एकत्रित करने के उदाहरण हैं।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

पालर पाणी → राजस्थानी भाषा

Q.4 वर्षाजल अथवा .पालर पानी.को पश्चिमी राजस्थान में प्राकृतिक जल का शुद्धतम रुप समझा जाता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.5 तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जहाँ पूरे राज्य में हर घर में .....छत वर्षा जल संग्रहण..... ढाँचों का बनाना आवश्यक कर दिया गया है।

जल संसाधन

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 जेल किस प्रकार एक नवीकरण योग्य संसाधन है?

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

Q.1 जल किस प्रकार एक नवीकरण योग्य संसाधन है?

उत्तर :


- अलवणीय जल हमें सतही अपवाह और भौमजल स्त्रोतों से प्राप्त होता है।
- इन स्त्रोतों का लगातार नवीकरण और पुनर्भरण जलीय चक्र द्वारा होता रहता है।

जल संसाधन

- सारा जल जलीय चक्र में गतिशील रहता है जिससे जल का प्राकृतिक नवीकरण सुनिश्चित होता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.2 जल दुर्लभता क्या है और इसके मुख्य कारण क्या हैं?



जल संसाधन

Q.2 जल दुर्लभता क्या है और इसके मुख्य कारण क्या हैं?

उत्तर :

- जल दुर्लभता से तात्पर्य पानी की कमी से है।
- यह अधिकता, अत्यधिक प्रयोग और समाज के विभिन्न वर्गों में जल के असमान वितरण के कारण होती है।

जल संसाधन

- इसके मुख्य कारणों में बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता औद्योगीकरण, शहरीकरण और जल संसाधनों का अतिशोषण शामिल हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

Q.3 जल जीवन मिशन का क्या मुख्य लक्ष्य है?



जल संसाधन

Q.3 जल जीवन मिशन का क्या मुख्य लक्ष्य है?

उत्तर :

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित रूप से प्रति व्यक्ति 55 लीटर पीने योग्य पाइप के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि इनके माध्यम से कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, औद्योगीकरण और नगरीय अर्थव्यवस्था का समन्वित विकास होगा।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 बहुउद्देशीय परियोजनाओं को 'आधुनिक भारत के मंदिर' क्यों कहा गया है?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 बहुउद्देशीय परियोजनाओं को 'आधुनिक भारत के मंदिर' क्यों कहा गया है?

उत्तर :

स्वतंत्रता के बाद शुरु की गई बहुउद्देशीय परियोजनाओं को देश को विकास और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने वाला साधन माना गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.5 बहुउद्देशीय परियोजनाओं का विरोध क्यों किया जाता है? कोई दो कारण बताइए।



जल संसाधन

Q.5 बहुउद्देशीय परियोजनाओं का विरोध क्यों किया जाता है? कोई दो कारण बताइए।

उत्तर :

नदियों पर बाँध बनाने से उनका प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध होता है, तलछट जलाशय की तली में जम जाता है और जलीय जीवों का स्थानांतरण रुक जाता है।

जल संसाधन

- इसके अतिरिक्त, बड़े पैमाने पर वनों और वनस्पतियों के डूबने से पारिस्थितिकीय संकट पैदा होता है।



जल संसाधन

Q.6 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं?



Q.6 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर :

- इस योजना के प्रमुख उद्देश्य खेत में पानी की वास्तविक उपलब्धता को बढ़ाना, सुनिश्चित सिंचाई (हर खेत को पानी) के तहत बुवाई योग्य क्षेत्र का विस्तार करना तथा जल बचत प्रौद्योगिकियों और सतत जल संरक्षण प्रणालियों को अपनाना है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.7 भूमिगत 'टाँका' क्या है और यह क्यों बनाया जाता है?



जल संसाधन

Q.7 भूमिगत 'टाँका' क्या है और यह क्यों बनाया जाता है?

उत्तर :

- 'टाँका' राजस्थान के अर्ध-शुष्क और शुष्क क्षेत्रों (जैसे बीकानेर, फलोदी) के हर घर में पीने का पानी संग्रहित करने के लिए बनाया जाने वाला एक बड़ा भूमिगत टैंक होता है, जो ग्रीष्म ऋतु में भी पीने का मुख्य पेयजल स्रोत बनता है।

जल संसाधन

Q.8 मेघालय की राजधानी शिलांग में छत वर्षाजल संग्रहण क्यों आवश्यक है?



जल संसाधन

Q.8 मेघालय की राजधानी शिलांग में छत वर्षाजल संग्रहण क्यों आवश्यक है?

उत्तर :

- चेरापूँजी और मॉसिनराम के पास स्थित होने के बावजूद शिलांग शहर पीने के जल की गंभीर समस्या का सामना करता है।
- इसलिए शहर के लगभग हर घर में छत वर्षाजल संग्रहण की व्यवस्था है, जो कुल घरेलू जल माँग का 15 से 25 प्रतिशत हिस्सा पूरा करती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

निबंधात्मक प्रश्न

Q.1 राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? व्याख्या कीजिए।



जल संसाधन

उत्तर :

- राजस्थान के अर्ध-शुष्क और शुष्क क्षेत्रों जैसे बीकानेर, फलोदी और बाड़मेर में पीने का पानी संग्रहित करने के लिए लगभग हर घर में भूमिगत टैंक या 'टाँका' बनाने की पारंपरिक व्यवस्था रही है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- ये टाँके एक बड़े कमरे जितने बड़े हो सकते हैं और इन्हें मुख्य घर या आँगन में बनाया जाता है।
- ये घरों की ढलवाँ छतों से पाइप द्वारा जुड़े होते हैं, जिससे छत पर गिरने वाला वर्षा जल पाइप के माध्यम से सीधे भूमिगत टाँके में पहुँचकर एकत्र हो जाता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN


missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन

- शुद्धता बनाए रखने के लिए वर्षा का पहला जल छत और नलों को साफ करने में बहा दिया जाता है और बाद का पानी संग्रहित किया जाता है।
- यह संग्रहित जल (जिसे 'पालर पानी' कहा जाता है) अगली वर्षा ऋतु तक चलता है, जो ग्रीष्म ऋतु में भी पीने का मुख्य पेयजल स्रोत बनता है।

जल संसाधन

- इसके साथ ही यह घरों के तापमान को भी नियंत्रित रखता है।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q.2 बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं से होने वाले लाभों और हानियों की तुलना कीजिए।



जल संसाधन

उत्तर :

बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं के लाभ

- बहुउद्देशीय नदी परियोजनाएँ जल संरक्षण, विद्युत उत्पादन, बाढ़ नियंत्रण, घरेलू व औद्योगिक जलापूर्ति, आंतरिक नौचालन और मछली पालन में सहायक होती हैं।
- इनसे शुष्क क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा मिलती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

बहुउद्देशीय नदी परियोजनाओं की हानियां

- कई नकारात्मक और पारिस्थितिकीय नुकसान भी हैं।
- नदियों पर बाँध बनाने से उनका प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध होता है और तलछट जलाशय की तली पर जमा हो जाता है, जिससे जलीय जीवों के आवास प्रभावित होते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- बाँधों के कारण बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों का विस्थापन होता है, उपजाऊ मैदानों तक प्राकृतिक उर्वरक (तलछट) नहीं पहुँच पाता, और भूमि का निम्नीकरण व लवणीकरण जैसी समस्याएँ पैदा होती हैं।

जल संसाधन

- इसके अतिरिक्त, अत्यधिक जलभराव से जल-जनित बीमारियाँ और कभी-कभी जलाशयों में तलछट भरने से बाढ़ का खतरा भी बढ़ जाता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.3 अटल भूजल योजना (अटल जल) क्या है? इसके प्रमुख उद्देश्यों और कार्यान्वयन क्षेत्रों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

जल संसाधन

उत्तर :

- अटल भूजल योजना (अटल जल) भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के जल-कमी वाले क्षेत्रों में भूजल संसाधनों का संरक्षण और विवेकपूर्ण प्रबंधन करना है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- यह योजना वर्तमान में सात राज्यों— गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों के 229 प्रशासनिक ब्लॉकों (तालुकाओं) की 8,220 जल-कमी वाली ग्राम पंचायतों में कार्यान्वित की जा रही है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- इन चयनित राज्यों में जल की कमी (अति-दोहित, गंभीर और अर्ध-गंभीर) वाले ब्लॉकों की कुल संख्या का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।



जल संसाधन

- इस योजना का सबसे प्रमुख पहलू यह है कि यह केवल तकनीकी उपायों पर निर्भर न रहकर, जल संरक्षण और प्रबंधन के प्रति जनता के दैनिक व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर जोर देती है, जिससे दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 सरदार सरोवर परियोजना का परिचय दीजिए तथा सूखाग्रस्त एवं मरुस्थलीय क्षेत्रों को इसके द्वारा मिलने वाले लाभों की विस्तार से व्याख्या कीजिए।

जल संसाधन

उत्तर :

- सरदार सरोवर बाँध गुजरात में नर्मदा नदी पर बनाई गई भारत की एक बहुत बड़ी बहुउद्देशीय परियोजना है, जिसमें चार राज्य—महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान सम्मिलित हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- यह परियोजना देश के सूखाग्रस्त और मरुस्थलीय भागों की जल आवश्यकता को पूरा करने के लिए वरदान साबित हो रही है।
- इसके तहत गुजरात के 15 जिलों के 3,112 गाँवों के 18.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलती है, जहाँ लगभग 75 प्रतिशत कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

जल संसाधन


missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- इसके अतिरिक्त, यह परियोजना राजस्थान के सामरिक महत्व के रेगिस्तानी जिलों—बाड़मेर और जालौर के 2,46,000 हेक्टेयर क्षेत्र (जहाँ संपूर्ण कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है) की सिंचाई आवश्यकता को पूरा करती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जल संसाधन



- साथ ही, महाराष्ट्र के आदिवासी पहाड़ी इलाकों में लिफ्ट प्रणाली के माध्यम से 37,500 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है, जिससे इन क्षेत्रों में सुनिश्चित जल उपलब्धता इन्हें जल्द ही सूखारोधी बना रही है।